Downloaded from www.studiestoday.com

दिल्ली पब्लिक स्कूल

सत्र- 2014-2015

पुनरावृत्ति अभ्यास कार्य-2

नाम : .... अनुक्रमांक : ....

कक्षा/वर्ग : सातवीं विषय : हिन्दी

पाठ्यक्रम- संकल्प (पाठ 1 से 10); महाभारत (आदि पर्व से उद्योग पर्व); अनुच्छेद लेखन; अपठित गद्यांश; पठित काव्यांश; चित्र वर्णन

प्र01. अपठित गद्यांश के निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें-

तैराकी आनंददायक कला होने के साथ-साथ हमारी आवश्यकता भी है। प्राचीनकाल में नावें कहाँ थी? तब तो आदमी को तैरकर ही नदियों को पार करना पड़ता था। जल में मछली आदि जलजीवों की स्वच्छंद विचरण करते देख मनुष्य ने उसी प्रकार तैरना सीखने का प्रयत्न किया और धीरे-धीरे उसके उस कार्य में इतनी निपुणता प्राप्त कर ली कि आज तैराकी को कला के रूप में गिना जाने लगा है। विश्व में जो भी खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती है उसमें तैराकी प्रतियोगिता रूप से सिम्मलित की जाती है।

प्रश्न-

क) तैराकी आनंद के अलावा क्या है?

ख) प्राचीन कला में लोग नदियों को कैसे पार करते थे?

ग) मनुष्य ने किसकी प्रेरणा लेकर तैरने का प्रयास किया?

घ) 'विश्व' शब्द का पर्यायवाची लिखो।

ङ) 'आवश्यकता' शब्द का अर्थ लिखो।

प्र02. पठित काव्यांश के निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-

उषा जाग उठी प्राची में
आह्वान यह नूतन दिन का
उड़ चल हारिल लिए हाथ में
एक अनोखा पावन तिनका।

प्रश्न-

क) कवि ने तिनके को पावन क्यों कहा है?

ख) शब्दार्थ- आह्वान, नुतन।

ग) दिन का पर्यायवाची लिखो।

प्र03. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखें-

क) भारत के प्रथम और द्वितीय राष्ट्रपति के नाम बताओ।

ख) 'चश्मा' पाठ के लेखक का नाम क्या है?

ग) नेपोलियन रूस को जीतकर भी हार क्यों गया?

घ) दादा जी को कहानी किसने सुनाई और इनाम में उसको क्या मिला था?

ङ) लता के पिता किस नाटक मंडली में काम करते थे?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

प्र04. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें–

क) तैमूर के आने की खबर मिलने पर भी कल्याणी गाँववालों के साथ क्यों नहीं जा रही थी?

ख) राजेंद्र बाबू का आसन हमसे एक अँगुल ऊँचा ही रहेगा "लेखिका ने ऐसा क्यों कहा?"

ग) शाश्वत स्कूल से क्या सीखकर आया था और उसने उस सीख का उपयोग कैसे किया?

घ) मानस सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ कैसे बना?

प्र05. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1) दुर्योधन ने किसे अंग देश का राजा घोषित किया था?

2) कौन श्रीकृष्ण के पैरों की ओर जाकर खड़े हो गए थे?

3) किसने भीष्म से बदला लेने का निश्चय किया?

4) द्रोपदी के भाई का नाम क्या था?

5) जरासंध के पुत्र का नाम क्या था?

6) संजय को विदुर को बुलाने के लिए किसने भेजा?

प्र06. निम्न शब्दों के अर्थ लिखें–

प्राची .... आक्रोश .... स्वजन .... असीस ....

प्र07. निम्नलिखित उपसर्ग और मूल शब्दों को जोड़कर नए शब्द बनाइए और अर्थ लिखिए–

	उपसर्ग		मूलशब्द	नए शब्द	अर्थ
क)	अ	+	हिंसा	....	....
ख)	प्र	+	देश	....	....
ग)	सु	+	रुचि	....	....
घ)	स	+	पूत	....	....
ङ)	वि	+	नम्र	....	....

प्र08. भाव स्पष्ट कीजिए–

क) जीवन श्रम से हँसे दिशाएँ ....

....

प्र09. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषय पर 70–80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– कंप्यूटर का बढ़ता उपयोग

कंप्यूटर क्या है? कंप्यूटर के विविध उपयोग,

कंप्यूटर के नित्य नए रूप

इंटरनेट का साथ

प्र010. चित्र वर्णन– शब्द सीमा (60-70)



Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com